**03/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

सेमीकॉन इंडिया 2025 के दूसरे दिन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित यशोभूमि में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी में सेमीकंडक्टर से संबंधित विभिन्न उत्पादों और परियोजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित थे। श्री मोदी आज सेमीकॉन इंडिया में कार्यकारी अधिकारियों के गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित करना है।

0000000000000000000000

नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा अरुणाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से संयुक्त रूप से कल राजधानी ईटानगर में 'नागरिक उड्डयन पर पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्रियों का सम्मेलन - सह - तीसरा पूर्वोत्तर विमानन शिखर सम्मेलन' आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक उड्डयन मंत्री, नीति निर्माता और उद्योग जगत के प्रमुख इस सम्मेलन में भाग लेंगे और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने और क्षेत्र की विमानन क्षमता को उजागर करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श

करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल भी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में मौजूदा और नए हवाई अड्डों के विस्तार की योजनाओं के साथ-साथ हेलीकॉप्टर सेवाओं, छोटे विमानों, सामान्य विमानन, समुद्री विमानों, ड्रोने एवं रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल (MRO) गतिविधियों को बढ़ावा देने पर चर्चा होने की उम्मीद है। असम और मेघालय द्वारा आयोजित पिछले संस्करणों के बाद, यह पहली बार है जब अरुणाचल प्रदेश इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है।

0000000000000000000000

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना के अंतर्गत परियोजना कार्यान्वयन योजना को अंतिम रूप देने और अनुमोदित करने के उद्देश्य से आज मुख्य सचिव मनीष कुमार ने राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, मुख्य सचिव ने बताया कि इस योजना का कुल बजट ₹50.7 करोड़ है, जिसमें ₹46.2 करोड़ का केंद्रीय हिस्सा और ₹4.49 करोड़ का राज्य हिस्सा शामिल है। उन्होंने कहा कि समिति ने 12 जिलों के लिए एक ज़िला एक उत्पाद की पहचान की है, जिसका उद्देश्य स्थानीय विशिष्टताओं को बढ़ावा देना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को मज़बूत करना और आजीविका के अवसरों को बढ़ाना है।

00000000000000000000000

नाहरलागुन पुलिस ने आज नाहरलागुन हेलीपैड के एक निवासी को खुद को एनजीओ का कार्यकर्ता बताकर बेरोजगार छात्रों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी नर्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सिक्युरिटी गार्ड आदि जैसे विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने के झूठे बहाने से पैसे वसूल रहा था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ने 66 छात्रों से ₹4,000 से ₹10,000 तक की रकम लेते हुए कुल ₹3,36,000 रुपय इकट्ठा की। नाहरलागुन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। इस बीच, पुलिस अधीक्षक डॉ. न्येलाम नेगा ने युवाओं और छात्रों को सतर्क रहने और ऐसे धोखाधड़ी वाले जॉब रैकेट का शिकार न होने की चेतावनी दी है।

00000000000000000000000

धाकपा पांगचेंग कर्मचारी कल्याण संघ ने लुंगला के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक समारोह का आयोजन कर धाकपा-पांगचेन क्षेत्र के ताशी यांगके, तेनज़िन छोइयांग एवं फुंत्सो ताशी ग्यामो को प्रतिष्ठित नीट 2025 परीक्षा पास करने पर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में छात्र, संघ के सदस्य और तवांग मुख्यालय तथा लुंगला के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल हुए। इस बीच संघ ने क्षेत्र के युवाओं में शैक्षिक उन्नति और शैक्षणिक सफलता को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

00000000000000000000000

राज्य सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) ने आज आरजीयू के सोशल वर्क विभाग में एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस सत्र का उद्देश्य ABDM के दायरे और अपने फील्डवर्क पाठ्यक्रम के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर डिजिटल स्वास्थ्य पहल को आगे बढ़ाने में सोशल वर्क के छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डालना था। कार्यक्रम में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता, स्कैन और शेयर सुविधा एवं डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र की प्रमुख विशेषताओं को भी बढ़ावा दिया गया।

0000000000000000000000

सेना भर्ती कार्यालय, नारंगी के तहत शिलोंग अधिकार मुख्यालय भर्ती क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी पूर्वोत्तर राज्यों के चयनित उम्मीदवारों के लिए आगामी 10 से 13 सितंबर तक सैन्य स्टेशन नारंगी, गुवाहाटी में केंद्रीय और क्षेत्रीय श्रेणी की सेना भर्ती रैली आयोजित करेगा। चयनित उम्मीदवारों को भर्ती रैली के विवरण की जानकारी ईमेल द्वारा भेज दी गई है। जिन उम्मीदवारों को अभी तक अपने एडमिट कार्ड प्राप्त नहीं हुए हैं या जो एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें सेना भर्ती कार्यालय, नारंगी गुवाहाटी से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

0000000000000000000000